# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (16.06.2025)

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE:16.06.2025, PAGE-06

# जल्द आएगा बीआरएबीयू का माउथवॉश

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू अपने पहले उत्पाद फिनाइल, माउथवॉश और टूथ पाउडर को बाजार में उतारने की तैयारी में है। तीनों के सैंपल माइक्रोबियल जांच के लिए लखनऊ भेजे गये हैं। इसी महीने रिपोर्ट आने की उम्मीद है। ये तीनों उत्पाद पीजी केमेस्ट्री विभाग में डॉ. अभय एन. श्रीवास्तव की देखरेख में तैयार किये गये हैं।

माइक्रोबियल जांच की रिपोर्ट आने के बाद इन्हें बाजार में लांच कर दिया जायेगा। बीआरएबीयू ने पहलीबार खुद के प्रयास से कोई उत्पाद तैयार किया है। प्रो. श्रीवास्तव ने बताया कि ये उत्पाद पूरी तरह से हर्बल हैं। इनमें किसी तरह का केमिकल नहीं है। पानी का इस्तेमाल किया गया है। इन उत्पादों के इस्तेमाल से किसी भी तरह के साइड इफेक्ट का खतरा नहीं रहेगा।

**सूबे में पहलीबार किसी विवि का आयेगा उत्पाद:** इन तीनों प्रोडक्ट के बाजार में लांच होने के बाद बिहार विवि सूबे में पहला विश्वविद्यालय होगा, जिसका कोई उत्पाद बाजार में उतरेगा। बिहार विवि में पिछले दिनों इंक्यूबेशन सेल का गठन कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने किया था। इसके बाद तत्कालीन रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्णा ने इस सेल में कामकाज की रूपरेखा तय की थी और फिनाइल बनाने का प्रस्ताव पास हुआ था। इसके बाद केमेस्ट्री विभाग में इन उत्पादों पर काम शुरू हुआ था। प्रो. श्रीवास्तव ने बताया कि यह हर्बल उत्पाद कम कीमत पर लोगों को मिल सकेगा।

### पानी में आर्सेनिक का पता लगाएगा विश्वविद्यालय

हर्बल उत्पाद बनाने के साथ बीआरएबीयू पानी में आर्सेनिक, पारा और लेड की मात्रा का भी पता लगायेगा। पीजी केमेस्ट्री विभाग में इसके लिए प्रो. श्रीवास्तव ने तीन सदस्यीय टीम बनायी है। उन्होंने बताया कि हमलोग पानी में अशुद्धियों का पता लगाने के लिए एक कीमो सेंसर बनाने पर काम कर रहे हैं। कीमो सेंसर एक केमिकल की तरह होगा। पानी में डालने के बाद यह बतायेगा कि इसमें कौन सा अशुद्ध तत्व है। टीम में कृति मिलन, अभय कुमार व गौरव कुमार गौतम शामिल हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**

**DATE:16.06.2025, PAGE-04**


# छह वर्ष बाद विश्वविद्यालय में होगा दीक्षा समारोह, भेजा जाएगा प्रस्ताव

## स्नातक से पीजी व अन्य कोर्स के टापरों को मिलेगा गोल्ड मेडल

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में छह वर्षों के बाद दीक्षा समारोह होगा। सबकुछ ठीक रहा तो अगस्त के मध्य में इसका आयोजन विश्वविद्यालय कैंपस में ही होगा। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। समारोह के लिए कम्युनिटी हाल को स्थल के रूप में चयनित किया गया है। इसमें स्नातक से लेकर पीजी, बीएड समेत ला के टापरों को गोल्ड मेडल दिया जाएगा। वहीं इन कोर्सों में उत्तीर्ण विद्यार्थी अपना रजिस्ट्रेशन कराकर सर्टिफिकेट हासिल कर सकेंगे। स्नातक और पीजी समेत वोकेशनल के एक सत्र के विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी। स्नातक के सत्र 2021-24 और पीजी के सत्र 2022-24 के विद्यार्थियों से लेकर अन्य कोर्सों के विद्यार्थियों को डिग्री मिलेगी। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय ने बताया कि दीक्षा समारोह का आयोजन कराया जाएगा। इसके लिए पिछले दिन विचार-विमर्श किया गया है। जल्द ही राजभवन को इसका प्रस्ताव भेजा जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 2019 में एलएस कालेज मैदान में दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें तत्कालीन राज्यपाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे।

- अगस्त के मध्य में आयोजन के लिए विश्वविद्यालय की ओर से तैयार किया जा रहा प्रस्ताव
- जल्द ही राजभवन को भेजा जाएगा प्रस्ताव, इससे पहले 2019 में हुआ था आयोजन



**80 हजार से अधिक छात्रों को नहीं मिल पा रही डिग्री :** तीन वर्षीय स्नातक कोर्स के तहत सत्र 2021-24 में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को डिग्री नहीं मिल पा रही है। पार्ट थर्ड का परिणाम दिसंबर में जारी किया गया था। इसी तरह पीजी सत्र 2022-24 के तहत उत्तीर्ण हो चुके विद्यार्थियों को भी अपने मूल प्रमाण पत्र का इंतजार है। दीक्षा समारोह के आयोजन या राजभवन की ओर से डीम्ड डेट जारी नहीं होने के कारण डिग्री जारी नहीं हो सकती है। पिछले वर्ष भी स्नातक के तीन सत्रों की डिग्री नहीं मिल पा रही थी। सितंबर महीने में राजभवन की ओर से डीम्ड डेट जारी की गई थी। इसके बाद करीब ढाई लाख से अधिक विद्यार्थियों को डिग्री मिलना शुरू हुआ था।

### पहले पटना में आयोजन की थी तैयारी

इससे पहले विश्वविद्यालय का दीक्षा समारोह पटना में कराए जाने की तैयारी थी। राजभवन को भी इसकी जानकारी दी गई थी। तय हुआ था कि जिले से टापरों के साथ अधिकारी पटना जाएंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय स्तर से बस की व्यवस्था की जानी थी, लेकिन इसे अंतिम रूप नहीं दिया जा सका।

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE" 16.06.2025, PAGE-04

# छह वर्ष बाद अगस्त में होगा दीक्षांत समारोह

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

- विश्वविद्यालय परिसर स्थित कम्युनिटी हॉल मे समारोह के आयोजन की तैयारी
- टॉपर्स को दिया जाएगा गोल्ड मेडल, लॉ, बीएड समेत अन्य कोर्स के विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में छह वर्ष बाद दीक्षांत समारोह के आयोजन को लेकर तैयारी शुरू हो गयी है. अगस्त में दीक्षांत समारोह का आयोजन होगा. इसमें राज्यपाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हो सकते हैं. दीक्षांत समारोह का आयोजन परिसर स्थित कम्युनिटी हॉल में किया जा सकता है. दीक्षांत समारोह में स्नातक, पीजी, बीएड और लॉ के टॉपर्स को गोल्ड मेडल दिया जाएगा. वहीं वोकेशनल कोर्स के विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी. दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन कराना होगा. स्नातक सत्र 2021-24 और पीजी सत्र 2022-24 के विद्यार्थियों विद्यार्थियों को समारोह में डिग्री दी जाएगी. कुलपति प्रो.दिनेश चंद्र राय ने बताया कि दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारी की जा रही है. राजभवन को तिथि का प्रस्ताव भेजा जाएगा. साथ ही राज्यपाल को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा. बता दें कि दीक्षांत समारोह नहीं होने के कारण स्नातक सत्र 2021-24, पीजी सत्र 2022-24 के विद्यार्थियों को डिग्री नहीं मिल पा रही है. इससे पूर्व 2019 में दीक्षांत समारोह हुआ था. इसके बाद दो वर्ष कोविड के कारण समारोह नहीं हुआ. वहीं स्थिति संभली तो सत्र विलंब होने और लगातार परीक्षाओं के आयोजन के कारण समारोह टलता गया. डीम्ड डेट लेकर डिग्री जारी की गयी. ऐसे में छह वर्ष बाद दीक्षांत समारोह के आयोजन को लेकर छात्रों में भी उत्साह है.

---

एलएलबी कोर्स के लिए फीस का स्ट्रक्चर तय किया है. इसके अनुसार पहले वर्ष में 40 हजार व इसके बाद अगले दो वर्षों तक 35-35 हजार रुपये फीस ली जानी है. कॉलेज का कहना है कि गवर्निंग बॉडी की बैठक में वह फीस पर निर्णय ले सकता है. हालांकि, विवि किसी भी कॉलेज को छूट देने के मूड में नहीं है. अधिकारियों की मानें तो एकसमान फीस नये सत्र से लागू हो जायेगी. विवि का एक अंगीभूत लॉ कॉलेज है. एमएस लॉ कॉलेज को छोड़कर अन्य संबद्ध कॉलेजों के लिए नया फीस स्ट्रक्चर लागू किया गया है.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए स्कैन करें